卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 116 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦2 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# विशेषज्ञ समिति ने धामी को सौंपा यूसीसी ड्राफ्ट

## कल कैबिनेट बैठक में ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद आगामी विधानसभा सत्र में पारित होगा विधेयक




देहरादून (उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दी है। कल कैबिनेट बैठक में यूसीसी ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद इसे छह फरवरी आयोजित होने जा रहे विधानसभा में पेश किए जाने की उम्मीद है। ड्राफ्ट रिपोर्ट सौंपने के लिए विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष जस्टिस (सेनि) रंजना प्रकाश देसाई और उनकी टीम मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन पहुंची। जहां उन्होंने सीएम धामी को रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, लंबे समय से हमें इस ड्राफ्ट का इंतजार था, आज हमें ड्राफ्ट मिल गया है। हमने उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि नई सरकार के गठन के बाद हम समान नागरिक संहिता के लिए कानून बनाएंगे। इस ड्राफ्ट का परीक्षण करने के बाद जो भी जरूरी औपचारिकताएं हैं उसे पूरा कर, ड्राफ्ट को विधानसभा में पेश कर विधेयक लाएंगे। इस रिपोर्ट को सौंपे जाने के साथ ही उत्तराखंड देश में सबसे पहले यूसीसी लागू करने वाला राज्य बनने के लिए एक और अहम कदम बढ़ा देगा। बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी लागू करने के लिए जस्टिस देसाई की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। ड्राफ्ट तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री ने समिति का तीन बार कार्यकाल बढ़ाया। इस दौरान समिति ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आधार पर जनता से यूसीसी को लेकर सुझाव आमंत्रित किए। विशेषज्ञ समिति ने उप समिति बनाकर उन्हें समाज के विशिष्ट लोगों, समाजसेवियों, धार्मिक नेताओं, संतों और जागरूक (शेष पृष्ठ सात पर)

# घर बैठे लाखों कमाने का झांसा देकर 6.20 लाख ठगे

## साईबर ठगों के जाल में फंसी पढ़ी लिखी युवती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।घर बैठे लाखों कमाने का झांसा देकर साईबर ठगों ने एक युवती से 6 लाख 20 हजार रूपये ठग लिये। पीड़िता की तहरीर के आधार पर साईबर काइम पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईलेट्स की कोचिंग कर रही सुभाष कालोनी निवासी ममता चौहान पुत्री देवेन्द्र चौहान ने साईबर काइम पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में बताया कि 17 जनवरी को उसने फेसबुक आइडी पर नटराज पेंसिल कंपनी का विज्ञापन देखा, जिसमे वर्क फ्राम होम के माध्यम से पैसा कमाने के बारे में बताया गया था। विज्ञापन में दिये गये मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप मैसेज भेजा गया तो कम्पनी की तरफ से उसके पास कॉल आयी, जिसमें उनके द्वारा 620 रूपये रजिस्ट्रेशन फीस मांगी गयी, जो उसने फोन पे आनलाईन ट्राजक्शन के माध्यम से भुगतान कर दिये। उसके बाद कंपनी के लोगों ने बताया कि अगले दिन सामान भेज दिया जायेगा, सामान समय पर न पहुँचने पर उनके द्वारा बताया गया कि आपका जीपीएस ट्रेकिंग बन्द था आपको जीपीएस ट्रेकिंग पेमेन्ट देनी होगी तो आपकी जगह पर सामान पहुंच जायेगा जिसके लिए उनके द्वारा 4550 रू0 की अतिरिक्त धनराशी की डिमान्ड की गयी। यह धनराशि भी भुगतान कर दी गयी। उसके बाद उनके द्वारा झांसे में लेकर सामान/मेटेरियल प्राप्ति हेतु विभिन्न चार्जेज के नाम पर भिन्न भिन्न किश्तो में 1 लाख 20 हजार जमा करवा लिये लेकिन सामान नही पंहुचा । उनके द्वारा पुन: रूपयो की डिमाण्ड करने पर जब धनराशी देने से मना कर दिया तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा पूरी धनराशि रिफण्ड करने का झांसा (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में सिडकुल कर्मी की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिला अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भिजवाया। मामले की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम कुतुआ बहादुर बलिया, उप्र निवासी दिलीप अपनी पत्नी पूजा व दो बच्चों 8 वर्षीय पुत्री आंचल तथा 7 वर्षीय पुत्र अमन के साथ यहां शिमला बहादुर में किरायेदार के रूप में रहता है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी पूजा की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब थी। उसका उपचार कराया जा रहा था। गत रात्रि उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने से पहले उसे एक निजी क्लीनिक ले गये। जहां सुधार न होने पर उसे जिला चिकित्सालय ले गया जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## अचानक तबियत बिगड़ने पर युवक ने तोड़ा दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से नगला उदई मिलक रामपुर निवासी 40 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र बलराम यहां शिवनगर में किराये के मकरे में रहता था। बताया जाता है कि वह कभी (शेष पृष्ठ 7पर)

# फैक्ट्री से लोहा चोरी कर ले जाते दो कर्मी दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री से लोहा चोरी कर बाईक पर ले जाते फैक्ट्री के दो कर्मियों को सुरक्षा कर्मियों ने दबोच लिया। दोनों को सिडकुल चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। दर्ज रपट में हिमांशु तिवारी पुत्र गिरीश चंद तिवारी मैसर्स एएलएफ इंजीनियरिंग प्रा लि सिडकुल के एचआर मैनेजर ने कहा है कि 1 फरवरी को दोपहर कारखाने से 45 किलो लोहा का स्क्रेप चोरी कर दो लड़के बाईक संख्या यूके 06 बीजी 7221 में ले (शेष पृष्ठ सात पर)

# 105 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। तमाम कोशिशों के बाद भी नशे के कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। हालांकि पुलिस रोजाना किसी न किसी तस्कर को पकड़ कर सलाखों के पीछे भी भेज रही है। एसएसपी प्रहलाद मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि बीती देर शाम एस ओ जी व चोरगलिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम गोलापार सितारगंज रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी पुलिस को चौकिंग करता देख एक युवक भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। पुलिस ने युवक के पास से 105 ग्राम स्मैक बरामद की साथ ही उसे गिरफ्तार कर पूछताज की पकड़े गए युवक ने अपना नाम अभय पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम अमाँऊ खटीमा बताया।एस एस पी मीणा ने बताया की स्मैक तस्कर ने बताया कि वह स्मैक खटीमा में रहने वाले अपने दोस्त तुषार शर्मा से लेकर आया है। बताया कि तुषार भी लंबे समय से स्मैक तस्करी का धंधा करता है। स्मैक तस्कर ने बताया कि कुछ महीने पहले ही तुषार ने उसकी पहचान कुछ लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

# चिप्स और नमकीन बनाने की फैक्ट्री में मारा छापा



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। थाना वनभुलपुरा के इंदिरा नगर स्थित नजाकत खान के बगीचे में प्रशासन एवं नगर निगम की टीम ने चिप्स और नमकीन की फैक्ट्री में छापेमारी की है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं नगर निगम के टीम के द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान एक्सपायरी चिप्स और नमकीन पकड़ी गयी। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया चिप्स और नमकीन एक्सपायरी है जिसके बनाने की कोई तारीख नहीं है। बताया जा रहा है चिप्स और नमकीन को बड़े ब्रांड के पैकेट में भरकर बेचा जाता है। सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग अभय सिंह भी टीम लेकर मौके पर पहुंच गए टीम ने मौके से सैंपल लिये हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है।

# नैनीताल-उधम सिंह नगर सीट पर 'भाजपा' के मुकाबले कांग्रेस से कौन?

## राजनीतिक दलों की तैयारी अंतिम दौर में, प्रत्याशी को लेकर बढ़ने लगी उत्सुकता, लगाए जाने लगे कयास

-अर्श-



रूद्रपुर। आगामी आम चुनाव में उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट फतह करने के लिए सूबे के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों, भाजपा एवं कांग्रेस की तैयारी अब लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुकी है और प्राय: दोनों ही दलों में अब प्रत्याशी चयन को लेकर गंभीर मंथन का दौर भी आरंभ हो चुका है। कांग्रेस पार्टी ने जहां लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टी नेताओं की स्क्रीनिंग 15 फरवरी तक पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया है ,वही भारतीय जनता पार्टी आंतरिक सर्वे कराकर उत्तराखंड की पांचो सीट पर हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए अपनी रणनीति भी निर्धारित कर चुकी है और तकरीबन सभी सीटों के लिए संभावित चेहरों को भी लगभग चिन्हित कर चुकी है। सूत्र बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी आगामी आम चुनाव में अपने प्रत्याशी के रूप में कुछ चौंकाने वाले चेहरे चुनावी मैदान में सामने ला सकती है । सूत्रों का यह भी दावा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सूबे की पांचों सीट पर बहुत ही मजबूत प्रत्याशी उतरने की तैयारी में है और इसके लिए मध्य प्रदेश एवं राजस्थान विधानसभा चुनाव में कारगर रही रणनीति ,जिसके तहत उपरोक्त राज्यों में कुछ केंद्रीय मंत्रियों एवं सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया गया था, को उत्तराखंड में भी अमल में लाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के रणनीतिकार पांचो लोकसभा सीट के लिए टिकट के दावेदारों की सूची तैयार कर रही है। मौजूदा सांसदों और दावेदार के संबंध में कार्यकर्ताओं और संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं का भीतर खाने फीडबैक भी ले रही है। जिसमे उधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद एवं राज्य रक्षा मंत्री अजय भट्ट की भी मजबूत दावेदारी मानी जा रही है। लिहाजा आगामी आम चुनाव में कुछ ऐसे भाजपा नेताओं की भी लॉटरी लग सकती है, जिन्हें संसदीय क्षेत्र के ही विभिन्न वर्गों से समर्थन मिल रहा है।ऐसे में भाजपा को तगड़ी चुनौती देने के लिए कांग्रेस अपने किस नेता को मैदान में उतारेगी ? क्या कांग्रेस की ओर से तराई के ही किसी दिग्गज कांग्रेसी नेता को सामने लाया जाएगा अथवा पिछले आम चुनाव की तरह कोई पैराशूट प्रत्याशी कार्यकर्ताओं पर थोप दिया जाएगा? वैसे प्रबल संभावना तो इस बात की है कि कांग्रेस पार्टी पिछली पराजयों से सबक लेते हुए किसी स्थानीय कांग्रेसी नेता को मैदान में उतर कर पिछले 10 साल के सूखे को खत्म करने का प्रयास करेगी। प्रदेश कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो कांग्रेस पार्टी आगामी आम चुनाव में भाजपा द्वारा मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के चुनाव में विधानसभा चुनाव में अपनी गई रणनीति को ही अमल मिलते हुए नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर अपने किसी विधायक को मैदान में उतार सकती है। सूत्रों का कहना (शेष पृष्ठ सात पर)

# मौसम हुआ साफ ,बर्फबारी से ढकी पहाड़ों की वादियां

## सीजन की पहली बर्फबारी से खिले चेहरे ,कोहरे से भी मिली राहत
## पांच फरवरी तक कई जिलों में भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया





देहरादून/नैनीताल(उद संवाददाता)। लंबे इतजार के बाद उत्तराखंड के पहाड़ी जनपदों में भारी बफबारी से वादियां लकदक हो गई है। वहीं प्रदेश भर में आज मौसम साफ है और चमकदार धूप खिलने से लोगों को ठंड से भी राहत मिली। पहाड़ से लेकर मैदान तक राहत मिली है। इसके बाद तीन फरवरी की रात मौसम एक बार फिर करवट लेगा और चार–पांच फरवरी को बारिश–बर्फबारी की संभावना है। पांच फरवरी के बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि 2800 मीटर से ऊपर वाले क्षेत्र में आज भी बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार दो फरवरी को मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम बदलेगा। इसके बाद दूसरे सप्ताह से मौसम शुष्क रहेगा। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में भी एक–दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कही–कही भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। कुमाऊं में नैनीताल, हल्द्वानी, जसपुर, रुद्रपुर, खटीमा और गढ़वाल में चमोली, पौड़ी सहित कई जिलों में सुबह से बारिश का सिलसिला जारी है। ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश–बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में कोहरे से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी के पहले सप्ताह में अगर उत्तर–पश्चिम हवाओं की गतिविधि तेज रही तो ठंड का अहसास होगा, नहीं तो तापमान में कोई खास कमी देखने को नहीं मिलेगी। कुछ जिलों में बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम अब करवट बदलता रहेगा। वहीं पहाड़ों की रानी मसूरी में सीजन का दूसरा हिमपात हुआ। शहर में रात को जमकर बर्फ पड़ी। चारो तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछी है। बर्फबारी के बाद आज सुबह शहर में धूप खिली है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान सुक्कीटॉप से आगे बर्फबारी होने के कारण अवरुद्ध हुआ है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान हनुमानचट्टी से आगे बर्फबारी के कारण अवरुद्ध हुआ है। धरासू,बड़कोट मोटर मार्ग स्थान राडीटॉप के पास बर्फबारी होने के कारण मार्ग जोखिम भरा है।पहाड़ में दो दिनों से हो रही बर्फबारी के कारण चारों धामों और ऊंची चोटियों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। वहीं, पर्यटन स्थल औली, मसूरी, धनोल्टी, चकराता और नैनीताल में भी ताजा बर्फबारी हुई। वहीं अब प्रदेश भर में शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। इसके बाद तीन फरवरी की रात मौसम एक बार फिर करवट लेगा और चार–पांच फरवरी को बारिश–बर्फबारी की संभावना है। पांच फरवरी के बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। चमोली जनपद में दो दिनों से चल रही बर्फबारी से 50 से अधिक गांव बर्फ के आगोश में समा गए हैं। इन गांवों में खेल खलियान से लेकर आम रास्ते तक बर्फ से ढक गए हैं। पहाड़ों की रानी मसूरी और धनोल्टी मे भी बर्फबारी शुरू हो गई। मसूरी में गुरुवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। बर्फबारी के बाद चकराता पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। बृहस्पतिवार को करीब एक हजार पर्यटक बर्फबारी का आनंद लेने पहुंचे। पर्यटकों ने लोखंडी, जाड़ी, धारना धार, आलू मंडी, लाल कुर्ती सप्लाई, रामताल, चिरमिरी टॉप, ठाणा डांडा आदि स्थलों में बर्फबारी के बीच जमकर मौज मस्ती की। बदरीनाथ धाम में चार और हेमकुंड साहिब में करीब पांच फीट ताजी बर्फ जम गई है। औली में करीब दो फीट तक बर्फ जम गई है। इससे वादियां बेहद ही खूबसूरत नजर आईं। केदारनाथ धाम में जमकर बर्फबारी हुई। यहां करीब ढाई फीट ताजी बर्फ जम गई है। गंगोत्री में एक फीट और यमुनोत्री धाम में तीन फीट बर्फ जमी। वहीं, उत्तरकाशी के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई। नैनीताल में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार साल की पहली बर्फबारी हो चुकी है। हल्की बारिश होने के बाद नैनीताल के नैनापीक क्षेत्र में बर्फबारी हुई।

## नगदी समेत सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर। सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक शातिर किस्म के सटोरिया को पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों की नगदी बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने वार्ड नंबर 22 मोहल्ला महेशपुरा निवासी मोहम्मद उमर उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद हनीफ को रंगे हाथ दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से नगद 7130 रुपए के अलावा सट्टे की पर्ची पैन व डायरी बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे कोर्ट की समक्ष पेश कर दिया गया। यहां बता दें कि बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर सकरी गलियों तथा चाय की दुकानों में सटोरिये गुपचुप तरीके से बैठकर सट्टे के गैरकानूनी खेल में लाखों के वारे न्यारे कर रहे हैं।

## जानलेवा हमला में युवक घायल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। मनोहर सिंह धोनी पुत्र स्व. किशन सिंह धोनी निवासी जीतपुर निगलटिया लामाचौड़ ने पलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह चोलामंडल फाइनेंस कंपनी में काम करता है। 31 जनवरी को वह तिकोनिया स्थित अपने कार्यालय के नीचे सहकर्मी आनंद बिष्ट के वाहन से उतर अपने वाहन में बैठने जा रहा था तभी पंच अज्ञात लोगों ने उस पर हमला दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर उनके कार्यालय के सहकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह से उसे उन युवकों से छुड़ाया। एक व्यक्ति की पहचान बरेली रोड में रहने वाली रोहित गुप्ता पुत्र धर्मपाल गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## रूद्रपुर में पुस्तक महाकुंभ कल से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर में शिक्षा,संस्कृति,विज्ञान ,अध्यात्म ,संगीत–कला आदि के संगम हेतु प्रथम पुस्तक महाकुंभ 3 और 4 फरवरी को पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर मे होने जा रहा है। पुस्तक महाकुंभ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोशियारी भी पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए पुस्तक महाकुंभ आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि उक्त पुस्तक महाकुंभ में उत्तराखंड सहित दिल्ली गाजियाबाद प्रयागराज आदि स्थलों से विविध विषयों के प्रकाशकों ने अपने प्रतिभाग की पुष्टि की है इसके साथ ही विभिन्न विषयों के मर्मज्ञो के बौद्धिक सत्र भी पुस्तक महाकुंभ में रखे गए हैं। इस पुस्तक महाकुंभ में देश के जाने–माने साहित्यकार, विद्वान, वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् भी प्रतिभाग कर रहे हैं। पुस्तक मेले में स्कूली बच्चों की निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा।


## - निविदा सूचना -

सर्वसाधारण एवं इच्छुक अधिकृत बिजली मरम्मत एवं कार्य करने वालों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, गदरपुर सीमान्तर्गत स्ट्रीट लाईट को जलाने–बुझाने एवं लाईट लगाने / मरम्मत की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु दक्ष ठेकेदार जिन्हें विद्युत विभाग / प्रतिष्ठित संस्थानों में लाईट कार्य करने का पूर्ण पूर्ण अनुभव हो तथा कार्मिक आई0टी0आई डिप्लोमा धारी हो से दिनांक17.02.2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक निविदाएं आर्मंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे शासन द्वारा गठित प्रक्योरमेट कमेटी द्वारा निविदा दाताओं के दिनाक खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क 1000 रु०+ जी०एस०टी० जमा कर निविदा प्रपत्र को दिनाक 16/02/2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ 100 रु० का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प मय रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि के रूप में 50000 रु0 की एफ०डी०आर०/ एन०एस०सी०/ पोस्ट ऑफिस सावधि(वित्तीय वर्ष) के रूप में अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बंधक संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने का अधिकार अध्यक्ष न०पा०परि गदरपुर में निहित होगा। शर्ते सम्बन्धित जानकारी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

( संजीव मेहरोत्रा )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गदरपुर
ऊधम सिंह नगर

( गौरव पाण्डेय )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गदरपुर
ऊधम सिंह नगर

पत्रांक 652/निविदा सूचना/2023-24   दिनांक 31 जनवरी 2024


## कार्यशैली से लोगों का दिल जीत रहे सकेनिया चौकी इंचार्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना गदरपुर के थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम को लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही है जिसको लेकर मात्र दो माह में तीन बार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी को गदरपुर आ बड़े मामलों का खुलासा करना पड़ा और गदरपुर पुलिस टीम को सरहना करते हुए इनाम देने की भी घोषणा करते नजर आए वही थाना गदरपुर के सकेनिया चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह रंसवाल अपनी कुशल कार्य शैली से न सिर्फ लोगों का दिल जीत रहे हैं बल्कि अफसर शाही में भी एक अलग पहचान बनाते जा रहे हैं। वर्ष 2023 में चौकी सकेनिया का कार्यभार संभालने के बाद से ही चौकी में कामकाज में सुधार आया पहले यहां जनता के छोटे–छोटे काम के लिए चक्कर लगाने पड़ते थे वहीं अब जनता को अनावश्यक चौकी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं हालांकि थाना गदरपुर की चौकी सकेनिया काफी संवेदनशील पुलिस चौकी मानी जाती है पर भूपेंद्र सिंह रंसवाल अपनी कार्यशैली और व्यवहार से पूरे चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने में सफल रहे हैं। चौकी प्रभारी ने अपने इलाके में हुए अपराधों के खुलासे में भी काफी सक्रिय रहे हैं बीते दिनों भी चेकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह रंसवाल ने लगभग 1 करोड रुपए की शराब का जखीरा पकड़ा था इसके बाद जिले के मुखिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने उनकी पीठ थपथपाई थी और मैन ऑफ द मंथ के लिए भी चिन्हित किया था इसके बाद उनके शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसी तरह की पुलिसिंग करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।



## सरकारी अस्पताल की पार्किंग शराबखोरी का ठिकाना बना

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड पर पीएम हाउस मोड़ के समीप लगने वाले एक अंडे के ठेले पर देर रात तक शराब पिलाए जाने की सूचना है। नशाखोरी के कारण उक्त स्थान पर जहां एक और गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता वही मारपीट लड़ाई झगड़ा आम बात हो चुकी है घ जानकारी के मुताबिक रामनगर रोड पर पीएम हाउस मोड़ के समीप शाम लगभग 6बजे से मांसाहारी खाद्यान्न का एक ठेला लगाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस ठेले पर देर शाम से लेकर रात तक शराबी जाम से जाम टकराते देखे जा रहे हैं। बुधवार की रात ठेले के संचालक ने पैग से पैग टकराने वालों को नसीहत दी। उसने बाकायदा शराब पीने वालों को कहा कि नए चौकी इंचार्ज आ चुके हैं इसलिए यदि दारू पीना है तो राजकीय चिकित्सालय की बाउंड्री वॉल पर पैग बनाने की बजाय शराबियों को गवर्नमेंट हॉस्पिटल की पार्किंग में चले जाना चाहिए। ज्ञातव्य है कि स्थानीय चौकी पुलिस की मिली भगत से रामनगर रोड पर हीरो मोटर्स के ठीक सामने पीएम हाउस मोड पर सांझ ढलने से लेकर देर रात तक शराबी अंडे के ठेले पर अथवा आसपास पैग से पैग टकराते देखे जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थान पर चल रही इस शराब खोरी के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी है। यहां बता दें कि कुछ समय पूर्व इसी स्थान पर एक गंभीर दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो चुकी है। इसके अलावा कई बार इसी स्थान पर खतरनाक दुर्घटनाओं में कई घायल भी हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद आज भी उक्त स्थान पर शराबखोरी बंद करने की सार्थक प्रयास नहीं किया जा सके।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# पुलिस ने 91 पाऊच कच्ची शराब सहित दो तस्कर पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को 91 पाऊच अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई नवीन बुधानी साथी पुलिस कर्मियों कां. अमित जोशी व महेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दूधियानगर में एक स्थान पर भीड़ दिखाई दी। पुलिस के पहुंचते ही वहां खड़े लोग भागने लगे। पुलिस ने एक व्यक्ति को कट्टे सहित दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विजय पुत्र डालचन्द निवासी रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 68 पाऊच अवैध शराब के बरामद हुए। वहीं एसआई विशाल रावत व कां. कृष्ण प्रसाद ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भूरारानी चौराहा के पास एक नशा तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता करन पुत्र बिन्देश्वर साहनी निवासी भूरारानी वार्ड 32 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 31 पाऊच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर दानों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# केंद्रीय बजट निराशाजनक : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय बजट बेहद निराशाजनक बताते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इस बजट में किसानों की, युवाओं की, आम आदमी, महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रहें युवाओ की समस्या सुधारने की कोई व्यवस्था नहीं हैं। 2 करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष रोजगार देने, किसानों की आय को दोगुना करने के जो वादे मोदी सरकार द्वारा किए गए वो सब झूठे साबित होते दिख रहे हैं। इसके साथ साथ सबसे बड़ा घात अग्निपथ योजना ला कर जो सरकार ने अग्निवीर बनाया हैं। इससे हमारे पहाड़ के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ हैं। इसलिए इस बजट में निराशा के अलावा आम इंसान के हाथ कुछ नहीं लगा है।

# निवर्तमान पार्षदों ने किया घर और धार्मिक स्थलों को तोड़ने का विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा मलिक का बगीचा में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई के बीच क्षेत्र के कई निवर्तमान पार्षदों ने सिटी मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर की जा रही कार्रवाई रोकने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो बनभूलपुरा क्षेत्र बंद कर दिया जायेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि बगीचे में जो कार्यवाही अमल में लाई गयी है वह उचित नही है तथा पक्षपात पूर्ण हैं। उनका आरोप है कि नगर आयुक्त का गरीब मजदूरो



के घरो व इबादत गाहों के मामले में जो भाषा प्रयोग की गयी वह गलत है। यदि नगर निगम व स्थानीय प्रशासन द्वारा जनता का उत्पीड़न किया गया तो सम्पूर्ण बनभूलपुरा क्षेत्र बन्द कर जाम जनता उसका विरोध करने पर विवश होगी। ज्ञापन में निवर्तमान पार्षद शकील सलमानी, तौफीक अहमद, हाजी शाकिर, इस्लाम मिकरानी, रूमी वारसी, इमरान खान, जाकिर हुसैन, महबूब आलम, मौ. गुफरान, शकील अंसारी, लईक कुरैशी व जीशान आदि के हस्ताक्षर हैं।

# युंकाईयों ने फूंका भाजपा का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में कांग्रेस व आप के पार्षदों के मतों को अवैध करार करवा कर लोकतंत्र की हत्या किये जाने के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोलते हुये प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर की अगवाई में पुतला दहन किया। भुल्लर ने कहा 30जनवरी को चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव तय हुए थे।



तय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चुनाव भी हुआ। लेकिन मेयर चुनाव में कांग्रेस व आप के 20 में से 8 वोट अवैध करार दे दिए गए। जिसके चलते भाजपा के उम्मीदवार मेयर पर चुन लिया गया। जो कि लोकतंत्र के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू व महानगर अध्यक्ष विशाल भोजक ने कहा केन्द्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का हनन करने में तुली है। पीठासीन अधिकारी द्वारा बैलेट पेपर पर पेन चला वोट अवैध करना बड़ी धांधली है।इस दौरान लाल सिंह पवार, प्रदेश महासचिव राधा आर्या, प्रीती आर्या, हर्षित जोशी, मयंक गोस्वामी, जतिन अग्रवाल, सचिन राठौर, हिमान्शु कबड़वाल, निखिल कुमार, सौरभ कुमार, अक्षत पाठक, शुभम जोशी, आयुष नागर, कमल तिवारी, रोहित बहुगुणा, करन अरोड़ा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मदरसे में रामायण पढ़ाने के पक्ष में अल्पसंख्यक आयोग : मजहर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग मदरसे में रामायण पढ़ाने के पक्ष में है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ने मदरसों में रामायण पढ़ाने का फैसला लिया है। जिसके बाद अब उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग ने भी इसका समर्थन किया है। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा कि जिस तरह से उत्तराखंड सरकार मदरसों में संस्कृत और इंग्लिश की पढ़ाई करवा रही है और मुस्लिम बच्चे संस्कृत और इंग्लिश पढ़ रहे हैं। साथ ही मदरसों में एनसीईआरटी की व्यवस्था भी लागू की गयी है। ऐसे में अगर मदरसों में रामायण पढ़ाई जाती है तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से ज्ञान मिलता है। बहुत से हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग हैं जो एक दूसरे के धर्म का ज्ञान लेते है। रामायण की पढ़ाई करने से ज्ञान मिलेगा, इससे किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग इसका विरोध कर केवल राजनीति कर रहे है। क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा से मुसलमानो को धोखा देने का काम किया है। जिसका नतीजा है कि आज मुस्लिम समुदाय शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे है।

# कैंपस स्कूल की समस्याओं को लेकर शुक्ला को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैम्पस स्कूल की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजसेवी पवन दुबे ने किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में कहा कि कृषि विश्व विद्यालय, पन्तनगर में कार्यरत प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों के अधिकांश बच्चे इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस स्कूल के कई पूर्व छात्र छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में देश दुनिया के भीतर विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रौशन किया है। पवन ने बताया कि बेहतर शिक्षा देने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला यह संस्थान वर्तमान समय में विपरीत परिस्थिति से जूझ रहा है। कोरोना काल के बाद से वित्तीय संकट की स्थिति निरन्तर बनी हुई है, जिसके कारण स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहे हैं।कोरोना महामारी के पश्चात् स्कूल की वित्तीय स्थिति निरन्तर बिगड़ती रही है जिसके प्रभाव से यहाँ कार्यरत शिक्षकों



एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को समय पर न तो वेतन प्राप्त हो रहा है, न ही कोई अन्य भत्ते प्राप्त हो पा रहे हैं। स्कूल में वर्षो से कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की आजीविका का एकमात्र साधन स्कूल द्वारा प्रदत्त वेतन ही है, और समय पर वेतन प्राप्त न होने के कारण सभी का जीवन व्यक्तिगत रूप से प्रभावित भी हो रहा है। अपने परिवार का भरण पोषण करने में, उचित चिकित्सा प्राप्त करने में, लोन आदि की मासिक किस्त भरने में वे असमर्थ हैं। समाजसेवी पवन दूबे ने शिक्षकों एवं कार्मिकों की ओर से कैम्पस स्कूल को वित्तीय संकट की स्थिति से निकालने एवं भविष्य में ऐसी स्थिति कभी न बने इसके लिए इस स्कूल का कृषि विश्व विद्यायल, पन्तनगर या प्रदेश सरकार में समायोजन की मांग की। पवन ने शुक्ला को अवगत कराते हुए अनुरोध भी किया कि स्कूल की स्थिति बेहद दयनीय है यदि इस संकट का शीघ्र समाधान नहीं होगा तो यहाँ के सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके आश्रितों के साथ स्कूल के छात्र छात्राओं का भविष्य भी प्रभावित होगा। जिस पर पुर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सहानुभूतिपूर्वक देखते हुए समायोजन की दिशा में सकारात्मकता के साथ अपना संरक्षण देते हुए स्कूल एवं सभी कार्मिकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हर संभव स्तर पर प्रयास करेंगे। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले शिक्षकों में डा एके त्यागी, डा० आर एस सेंगर,एमडी रावत, केपी श्रीवास्तव, कल्पना रावेरकर, प्रियंका भट्ट ,डा डीएन पाण्डे, प्रवीन राणा, जसप्रीत अरोरा, प्राची पारीक, सोम तिवारी, शालिनी श्रीवास्तवा व अन्य शिक्षक एवं कार्मिक थे।

# कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। ढकिया गुलाबो क्षेत्र में पारकर स्कूल के सामने से पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध कच्ची शराब की बिक्री करते एक युवक को दबोच कर उसके कब्जे से 28 पाउच कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि टांडा उज्जैन चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ढकिया गुलाबो इलाके में पार्कर स्कूल के पास से डाकिया गुलाबो निवासी बिट्टू पुत्र बुद्धाराम को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 28 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कोतवाली लाकर जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विवाहिता को किया बेघर

काशीपुर( उद संवाददाता)। दहेज में मोटरसाइकिल व अन्य कीमती सामान न मिलने पर लोभी ससुरालयों ने एक और विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। महिला हेल्पलाइन में पुलिस को तहरीर देकर कुमाऊं कॉलोनी निवासी अनवार हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री चांदनी का विवाह ग्राम गोट जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी नदीम पुत्र उस्मान के साथ हुई। शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद नदीम उसके भाई अनीस तथा मां हुस्न बानो ने मोटरसाइकिल तथा कीमती घरेलू सामानों के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यहां तक कि विवाहित पर ससुराल वालों द्वारा घर के बिजली का बिल जमा करने तथा माहवार खर्च के लिए भी दबाव बनाया जाने लगा। उत्पीड़न की इंतहा होने पर विवाहिता अपने मामले की शिकायत मायके वालों से की। मायके वालों ने कानून का सहारा लेते हुए मामले की तहरीर महिला हेल्पलाइन को दी। महिला हेल्पलाइन ने दोनों पक्षों को तमाम समझने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज पीएम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एक्सीडेंट के आरोप में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा

काशीपुर। वाहन को तेजी व लापरवाही सी चलकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला रमपुरा निवासी बब्बू कौर पत्नी जसवंत सिंह ने बताया कि बीते 1 जनवरी को अज्ञात वाहन के चालक ने उसके पति जसवंत को लापरवाही से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपने पुत्र का नाम लक्ष्या खेड़ा (LAKSHYA KHERA) से बदलकर लक्ष्य खेड़ा (LAKSHAY KHERA) रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को लक्ष्य खेड़ा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

लक्ष्य खेड़ा पुत्र श्री कमल खेड़ा,
निवासी- ईडब्ल्यूएस-ए-449, नियर शिव शक्ती मंदिर, आवास विकास, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# विकसित भारत की यात्रा में निर्णायक बजट: शिव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का अंतरिम बजट



देश की महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया जो सर्व समावेशी सर्वस्पर्शी और जो देश के चार स्तम्भ युवा गरीब महिला किसान चारों को ध्यान में रख कर पेश किया गया। यह निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है, विधायक शिव अरोरा बोले इस बजट में अगले पांच साल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2 करोड़ अतिरिक्त मकान बनाने का लक्ष्य बेहद सरहानीय है, वही देश की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने का लक्ष्य महिला सशक्तिकरण हेतु मील का पत्थर साबित होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा इस बजट में युवाओं के लिये1 लाख करोड़ के कोष का स्थापना करने का लक्ष्य उनके रोजगार उनके उज्जवल भविष्य के लिये क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। इस अंतरिम बजट में किराये या झुगी झोपड़ी में रहने वाले लोगो के पास अपना घर हो उसके लिये सरकार योजना शुरू करेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा इस अंतरिम बजट में डेयरी किसानों के लिये व्यापक नीति तैयार करने की योजना डेयरी उत्पाद को बढ़ावा देने में अच्छी पहल है। विधायक शिव अरोरा बोले मोदी सरकार का यह बजट देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में सार्थक पहल है और देश विकास के पथ पर पहले से तेज गति से अग्रसर होगा। विधायक शिव अरोरा ने इस अंतरिम बजट को सभी के हितों को ध्यान में रख कर बनाया जाने वाला बताया जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद प्रकट किया।

# बजट सिर्फ मुंगेरी लाल के सपनों जैसा: मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने केंद्र सरकार के बजट पर अपनी



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रस्तुत बजट में किसानों मजदूरों नौजवानों एवं महिलाऑ के साथ साथ उत्तराखंड की भी अनदेखी की गई है। बजट में 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का दावा किया है। वह सिर्फ मुंगेरी लाल के सपनों जैसा ही है। जबकि वर्तमान में गरीब और गरीब होता जा रहा है।मध्यवर्गीय भी अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ है। इस बजट से सिर्फ पूँजी पतियों का ही फायदा होना है। दूसरा केन्द्रीय वित्त मंत्री ने संसद में कहा कि भारत सरकार के पीएम मोदी ने बताया उनका चार जातियों पर फोकस है। जिसमें मुख्य रूप से महिला ,युवा, गरीब,व अन्नदाता है। जबकि वर्तमान स्तिथि यह है।कि गरीब और गरीब होता जा रहा है। महिलायें असुरक्षित है।महिलाओं के सुरक्षा व रोजगार की कोई योजना नहीं है। युवा बेरोजगार है। पीएम का हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा भी सिर्फ जुमला ही साबित हुआ है। युवा बेरोजगारी से झूझ रहे है। देश का अन्नदाता भी परेशान है। ना तो उसे अपनी उपज का समर्थन मूल्य मिल रहा है और ना ही वह अब तक छोटे छोटे कब्र्जों से मुक्त हो पाया है।जबकि देश के बड़े पूँजीपतियों के हजारों करोड़ के कर्जे माफ किये जा रहे है। वहीं किसान छोटे छोटे कर्ज्जों के कारण आत्महत्या करने को विवश है। उन्होंने कहा कि पहले तो मोदी ने 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया था। लेकिन इस बजट में अगले सत्र में 2 करोड़ लोगों को पक्के मकान देने का वादा किया गया है। जबकि वर्तमान में जहाँ-जहाँ भी भाजपा की सरकारे है। वहाँ किसी ना किसी बहाने लोगों के मकान व दुकाने तोड़ कर सड़क पर लाने का काम किया जा रहा है।




# व्यापारियों के लिए हमेशा जारी रहेगा संघर्ष-अरोरा



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मंडल चुनाव में चुनाव प्रचार अंतिम घंटों में महामंत्री पद के प्रत्याशी हरीश अरोरा ने अपने समर्थकों के साथ पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं उनके कई समर्थक अलग अलग समूहों में नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में दुकान दुकान पर जाकर व्यापारियों से हरीश अरोरा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। प्रचार के दौरान हरीश अरोरा ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि वह पूर्व की भांति व्यापारियों के हितों के लिए अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेंगे। जिस प्रकार से नगर के व्यापारियों ने उन पर विश्वास किया है उनके विश्वास पर हमेशा खरा उतरूंगा। श्री अरोरा ने सभी व्यापारी भाईयों से आगामी 4 फरवरी को महामंत्री पद हेतु उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री अरोरा और उनके समर्थकों ने गल्ला मण्डी, विध वानी मार्केट, मुख्य बाजार, आदर्श कालोनी सहित कई क्षेत्रों में जाकर व्यापारियों से मुलाकात की और उनके पक्ष में मतदान की अपील की।

# पवन गावा ने समर्थकों के साथ किया प्रचार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई के हो रहे चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी पवन गाबा पल्ली ने मतदान तिथि नजदीक आते ही अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। पवन गाबा ने अपने समर्थकों के साथ मुख्य बाजार, विधवानी मार्केट, गुड़ मंडी, सब्जी मंडी, प्रताप मार्केट, गोल मार्केट सहित कई बाजारों में सभी दुकानों पर जाकर व्यापारियों से कोषाध्यक्ष पद पर उनके पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। पल्ली ने व्यापारियों से कहा कि वह पिछले कई दशकों से व्यापारियों के सुख दु:ख में हमेशा भागीदार रहे हैं। साथ ही व्यापारी हितो के लिए आगे आकर संघर्ष करते रहे हैं और हमेशा करते रहेंगे। उनकी जीत हर व्यापारी की अपनी जीत होगी। श्री पल्ली ने आगामी चार फरवरी को कोषाध्यक्ष पद पर उनको वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।




# गीता धामी ने शुक्ला के निवास पर पहुंचकर दी बधाई

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के शुक्ला फॉर्म आवास पर पहुंचकर उनके भतीजे मनीष शुक्ला एवं विधि शुक्ला के नवजात पुत्र के नामकरण संस्कार में सम्मिलित होकर पुत्र को अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन के सभी संस्कारों में नामकरण संस्कार सबसे पहला संस्कार है। उन्होने शुक्ला परिवार को बधाई दी। इस दौरान दिनेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, मनीष शुक्ला, सचिन शुक्ला, ऋतिक शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, प्रज्वल शुक्ला, शशि शुक्ला, उषा शुक्ला, नेहा शुक्ला, विधि शुक्ला, गीतांजलि शुक्ला, सानवी शुक्ला, निहारा शुक्ला, संगीता शुक्ला, उमेश पति त्रिपाठी समेत समस्त शुक्ला परिवार उपस्थित थे।



# अयोध्या से लौटने बिट्टू शर्मा का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अयोध्या से रुद्रपुर पहुंचने पर बिट्टू शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अयोध्या धाम में जो रामलाल की मूर्ति विराजमान है वह बहुत ही सुंदर व अलौकिक है। देखने पर ऐसा प्रतीत हुआ कि स्वयं राम उन्हें निहार रहे हैं। बिट्टू शर्मा ने कहा कि अयोध्या प्रशासन ने जिस प्रकार से राम भक्तों के लिए व्यवस्थाएं कर रखी थी जैसे शिविर,भोजन, नहाने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था वह भी निशुल्क थी व प्रशासन का व्यवहार राम भक्तों के प्रति बहुत ही सुंदर था। बिट्टू शर्मा ने बताया कि राम मंदिर राम भक्तों की 500 वर्षों की तपस्या व अनेकों बलिदानों के पश्चात बन पाया है व जिसमें दर्शन हेतु 22 जनवरी से अब तक लाखों की संख्या में राम भक्त अयोध्या जाकर दर्शन कर चुके हैं। सभी राम भक्तों से अपील की है कि हर सनातनी को एक बार दर्शन करने अयोध्या जरूर जाना चाहिए। बिट्टू शर्मा के स्वागत में राम भक्त अभिषेक शुक्ला, प्रमोद शर्मा , विक्की सोनकर , अंकुर वर्मा , अनुज पांडे , संदीप अवस्थी ,अनिल गंगवार, सौरभ राठौर, हिमांशु कनौजिया ,कमल सैनी, राहुल गुप्ता , देवेश कुमार ,राजू गुप्ता , विशाल वर्मा ,आदित्य धीमान, नागेंद्र गंगवार, यश धीमान ,दीवांशु गंगवार , अनमोल त्रिपाठी ,अनुभव पाल, संजय गुप्ता ,मनीष शर्मा ,जसवीर गंगवार ,कुणाल ठाकुर ,मनीष कोली, अमित पटेल, आदि राम भक्त मौजूद थे।



# उधम सिंह नगर ए ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का नवां मैच एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड रुद्रपुर पर अल्मोड़ा और उधम सिंह नगर ए के मध्य खेला गया। उधम सिंह नगर ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 198 रन 5 विकेट बनाएं। जिसमें आदित्य सरना ने 69 ,नीतीश जोशी ने 48, दिनेश पवार ने 30 रनों का योगदान टीम को दिया। अल्मोड़ा की तरफ से दीपक ने दो, राकेश उप्रेती विजय सिंह ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा की पूरी टीम 8 विकेट पर 109 रन बना सके। प्रिंस राय 35 , दीपक रौतेला ने 21 रनों का योगदान दिया। उधम सिंह नगर ए की तरफ से आदित्य राना, प्रत्यूष राज पांडे और कविता मिश्रा ने 2-2 और नाजिम ने एक विकेट लिए। यह मैच उधम सिंह नगर ए ने अल्मोड़ा को 89 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उधम सिंह नगर ए ने चार मैचों में सभी मैचों में जीतकर 8 अंक प्राप्त कर अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के शीर्ष पर पहुंच गई है।इस मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार और अमन प्रसाद ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा द्वारा की गई।



# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।स्वयं सहायता समूह श्रद्धा महिला एवं बाल विकास संस्थान द्वारा खन्ना फार्म तीन पानी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम के सह समन्वयक एलएम पांडे तथा गौरी शंकर काण्डपाल ने महिला समूह को विभिन्न जानकारियां विस्तार से दी। श्री पांडे ने महिला समूह को मतदान के महत्व तथा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। तकनीकी सत्र के दौरान श्री काण्डपाल ने वोटर आईडी कार्ड बनाने को ऑनलाइन मध्य के लिए अवजमते. मबप. हवअ. पद तथा ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरने के अतिरिक्त मतदाता सूची से नाम पृथक करने हेतु फॉर्म 7 भरने एवं वोटर आईडी कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन करने के लिए फॉर्म 8 भरने की जानकारी दी। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए फॉर्म 12 डी ऑनलाइन अथवा बीएलओ के माध्यम से भरने के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पुष्पा काण्डपाल द्वारा समूह की महिलाओं की वोटर आईडी कार्ड संबंधित त्रुटियों एवं 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके भावी मतदाताओं के वोटर आईडी कार्ड के बारे में जानकारी दी।



# मनोज छाबड़ा ने प्रचार में झोंकी ताकत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)व्यापार मंडल चुनाव में महामंत्री पद के प्रत्याशी मनोज छाबड़ा ने प्रचार अभियान में ताकत झोंक दी है। अपने समर्थकों के साथ मनोज छाबड़ा जोर शोर से प्रचार में जुटे हैं। रोजाना उनके द्वारा व्यापारियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जा रहा है साथ ही उनके समर्थन में कई व्यापारी भी अलग अलग प्रचार कर रहे हैं। छाबड़ा का कहना है कि उन्हें व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होनें कहा कि कोषाध्यक्ष पद पर रहते हुए व्यापारियों के सुख दुख में वह हमेशा साथ रहे हैं जिसका लाभ उन्हें इस चुनाव में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए वह हमेशा



तत्पर रहे हैं।भविष्य में भी व्यापारियों के हितों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों से 4 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में जनता इंटर कालेज पहुंचकर अपने पक्षमें मतदान करने की अपील की।

# कोषाध्यक्ष प्रत्याशी बल्लू ने मांगे वोट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी बलविंदर सिंह बल्लू का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। बल्लू अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं और दुकान दुकान जाकर व्यापारियों से संपर्क साध रहे हैं । कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी बलविंदर सिंह बल्लू ने कहा कि वह लंबे समय से व्यापारियों से जुड़े हुए हैं और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव उनके साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल का चुनाव बेहद अहम है ऐसे में शहर के सभी सम्मानित व्यापारी भाइयों के सहयोग से वह जीत हासिल करेंगे



और सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी बलविंदर सिंह बल्लू ने मुख्य बाजार, गल्ला मंडी, विधवानी मार्केट ,सिंह कॉलोनी, मालिक कॉलोनी,सिविल लाइन, आदर्श कॉलोनी, आवास विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की।






# अंतरिम बजट गतिशील और विकास परक: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को देश के लिए गतिशील और विकास परक बजट बताया।श्री भट्ट ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने वाले इस समावेशी विकास के बजट में नए भारत की पहचान विकसित होगी। इस बजट में जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कृषि क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित होंगे । और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के विजन 2047 को विकसित राष्ट्र की ओर गति मिलेगी।






# मन को काबू करने के लिए ब्रह्मज्ञान आवश्यक: साध्वी कालिंदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गांधी पार्क में आयोजित श्रीमदभागवत कथा यज्ञ में बृहस्पतिवार को साध्वी सुश्री कांलिदी भारती जी ने प्रभु की आलौकिक कथा में निहित गूढ आध्यात्मिक रहस्यों के साथ युवा पीढ़ी व नशा, अश्लीलता जैसी निकृष्ट सामाजिक बुराई पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि आर्थिक मंदी, बेरोशगारी, निरंतर तनाव व दबाव तथा पल-पल बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने आज युवा पीढ़ी को नशे के भयावह साम्राज्य का पथिक बना दिया है। स्वतंत्रा देश का वासी होते हुए भी वह नशे की गिरफ्त में आकर पराधीनता का जीवन व्यतीत कर रहा है। जिस युवा के सहारे कोई देश स्वयं के लिए समुज्जवल भविष्य की किरणें देखता है आज वही युवा अपने देश के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह बनकर खड़ा हो गया है। असामाजिक तत्त्व तो पहले ही देश पर घात लगाकर बैठे हैं क्योंकि सारी दुनियां में से सबसे ज्यादा युवा भारत में ही हैं। नशीले पदार्थ घरों में सेंध लगाकर उनके हंसते-खेलते जीवन को लूट रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप पारिवारिक और नैतिक मूल्य स्वार्थपरायणता की चिता पर जल पर खाक हो रहे हैं। नशें के व्यापार को संरक्षण देने वाले इस बात को समझ नहीं रहे हैं कि चंद पैसों की खातिर वह अपने देश को किस गर्त में धकेल रहे हैं। भारत के हर एक शहर में अफीम, स्मैक, चरस, गांजा, कोकीन इत्यादि बेचने वाले सौदागर सक्रिय हैं। बड़े शहरों की दवाईयों की मंडियों में करोड़ों रुपयों की नशीली दवाओं का कारोबार होता है। थोड़ी बहुत छापेमारी के बावजूद इस कारोबार पर रोक नहीं लगती और नशे का यह दैत्य विकराल रूप धरण करता हुआ देश के युवा वर्ग को खोखला करता जा रहा है। देश के लगभग 73 मिलीयन लोग नशे के आदी हो चुके हैं जिनमें से 24 प्रतिशत की उम्र तो 18 साल से भी कम है। यह वह युवा शक्ति है जिसके आधार पर हम 2045 तक विश्व की महाशक्ति बनने का स्वप्न देख रहे हैं, जो आज नशे की कटीली राहों पर भटक रही है। यौवन इस बात पर निर्भर करता है कि आप में प्रगति करने की कितनी योग्यता है। हारे-थके मन से कोई युवा नहीं होता। यौवन तो वह है जो अपने महावेग से समस्याओं के गिरि शिखिरों को काट दे व विषमताओं के महा वट को उखाड़ दे। यदि किसी देश पर संकट के बादल छाए हैं तो युवा शौर्य ने ही प्रचंड प्रबंधन बन कर निदान किया है। साध्वी जी ने कहा कि समाज की प्रत्येक समस्या मन के स्तर पर जन्म लेती है और इसका समाधन भी मन के स्तर पर ही होना चाहिए। जब तक मानव मन को निर्यंत्रित करने की पद्धति नहीं प्रदान की जाती तब तक समाज में भयानक कुरीतियाँ व व्याधियां जन्म लेती रहती है। इस मन को काबू में करने हेतु ब्रह्मज्ञान की नितांत आवश्यकता है। जिससे विवेक शक्ति जागृत होती है। फिर ही व्यक्ति मन में उठती दुर्भावनाओं व वासनाओं पर नियंत्राण रख सकता है। नशा उपचार हेतु सरकारी, गैर सरकारी संगठनों द्वारा उपचार साधन या पद्यति लागू हो चुकी है लेकिन यह कितनी कारगर सिद्ध हो रही है यह किसी से भी नहीं छिपा है। भारत का ड्रग रिकॉर्ड कहता है कि उपचार के बावजूद भी 80 प्रतिशत नशाखोर फिर से नशा करने लगते हैं। उपचार प्रक्रिया से गुजरने के बाद उनका शरीर नशा मुक्त हो जाता है पर नशे की लत दिमाग से नहीं निकल पाती। इन पद्धतियों के बारे में जितनी भी जानकारी उपलब हुई हैं वे अमोघ नहीं कही जा सकती। उनके विषय में व्यवस्थित व उचित खोज अभी शेष है। समाज में फैल रही नशे की समस्या पर रोक लगाने के लिए तथा जन मानस का सही मार्ग दर्शन करने के लिए संस्थान के संस्थापक व संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज जी ने 'बोध' नामक नशा उन्मूलन कार्यक्रम की स्थापना की जिसके अन्तर्गत ब्रह्मज्ञान की अमोघ पति के द्वारा हशारों की संख्या में लोग नशा मुक्त हो चुके हैं। कथा में श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या सुश्री कालिंदी भारती ने अवतारवाद की व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब इस धर्म की ग्लानि होती है तथा अर्ध्य का अभ्युत्थान होता है तब-तब भगवान अपने को इस विश्व में पैदा करते हैं। अजन्मा जन्म को स्वीकार कर लेता है। अकर्त्ता कर्तृत्व को, अभोक्ता उपभोग को स्वीकार कर लेता है। निराकार परमात्मा साकार हो जाता है। समय-समय पर अनेकानेक अवतारों ने भारत की भूमि पर जन्म लिया है। भारत जिसे विश्व का हृदय भी कहा गया है क्योंकि ईश्वर सर्वभूत प्राणियों का धम हैं। ईश्वर सर्व प्राणियों के हृदय में निवास करता है। गुरूवार को मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा एवं वीरेन्द्र जिंदल के अलावा पूजन में राजेंद्र तुलस्यान,सौरभ त्याल,पवन मिगलानी,अशोक सिंघल ,जय भगवान जैन,प्रदीप,कैलाश आदिलशामिल रहे।







# उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने आशा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आशा कार्यक्रम के तहत समान्नित किया। जिसमें आशा कार्यकर्ता , आशा फेसिलेट्टर व ब्लाक समन्वयक को एक हजार से लेकर पांच हजार रुपये तक की धनराशि के चैक सौंपे गये। इस दौरान कार्यक्रम में पहुँचे विधायक शिव अरोरा का सीएमओ मनोज शर्मा ने बुके भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता आमजन ओर स्वास्थ्य विभाग के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है जो महिलाओं को बेहतर इलाज से लेकर सरकार की हर योजना को जन जन तक




पहुँचती हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से यह सम्मान उनकी मेहनत परिश्रम का परिणाम है कि सरकार द्वारा उनको सम्मन के रूप में आज यह चेक सोपे जा रहे हैं हमारी राज्य की सरकार स्वास्थ के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रही है और जिसका लाभ आमजन को सीधा मिल रहा है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ता को उनके बेहतर कार्य हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान आईएएस चंद्रशेखर गोड़के, सीएमओ मनोज शर्मा, एसीएमओ हरेंद्र मालिक , डॉ तारा आर्य , सुशील यादव, बिट्टू चौहान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ यूथ कांग्रेस ने मोमबत्ती जलाकर किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा में लगातार जारी विद्युत कटौती के विरोध में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू व सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति आर्या के अगुवाई में स्थानीय लोगों ने मोमबत्ती जलाकर विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साहू ने कहा है कि विद्युत विभाग के अधिकारी बिल्कुल लापरवाह बने हुये हैं । ठंड के मौसम में कल राजपुरा में महज 2 घण्टे



लाईट आई। जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा जल्द व्यवस्था ठीक नही होने पर उग्र आंदोलन किया जायेगा।सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने कहा विभाग का टोल फ्री नम्बर शोपीस बनकर रह गया है।अनिता बाल्मीकि, नेहा,चंचला मिस्त्री, सुशील कुमार,ज्योति देबी,नेहा सागर, मेघा, काजल आर्या समेत तमाम लोग थे।

# उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## योजनायें और उपलब्धियां

इस बार अंतरिम बजट होने की वजह से सरकार ने किसी प्रकार की महत्त्वाकांक्षी योजना की घोषणा करने से परहेज किया है। मगर बजट का जोर महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब लोगों के जीवन में बेहतरी पर है। वित्तमंत्री ने इन वर्गों के लिए पहले से चलाई जा रही योजनाओं में और बढ़ोतरी का एलान किया। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का दायरा बढ़ा कर मध्यवर्ग तक करने की घोषणा की। तीन करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है, दो करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों में लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री किसान निधि के तहत पौने बारह करोड़ से ऊपर और फसल बीमा योजना के तहत चार करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया गया है। किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ और योजनाओं का संकल्प दोहराया गया है। इसी तरह महिला उद्यमशीलता में अट्ठाईस फीसद की बढ़ोतरी का उल्लेख किया गया। पच्चीस करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने को भी रेखांकित किया गया है। हालांकि इन योजनाओं के तहत हासिल उपलब्धियों का उल्लेख पहले भी कई मौकों पर होता रहा है। हाल ही में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का भी इस बजट में उल्लेख है। इससे इन परिवारों को हर महीने करीब तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली मिलने का दावा किया गया है। अब रेलवे बजट का लेखा-जोखा भी आम बजट में समाहित होता है। इसलिए इस बार के बजट ही में चालीस हजार रेलवे बोगियों को 'वंदे भारत' बोगियों में परिवर्तित करने और तीन नए 'कारिडोर' शुरू करने का उल्लेख किया गया है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह रेल दुर्घटनाएं बढ़ी हैं और उसे लेकर रेल सुरक्षा की जरूरतें रेखांकित की जाती रही हैं, उसमें इस दिशा में कुछ योजनाओं की घोषणा अपेक्षित थी, पर इसे लेकर कोई ठोस वादा नहीं किया गया है। हवाई सेवाओं में बेहतरी लाने पर भी जोर दिया गया है। लोग कम समय में और सुरक्षित सफर करना चाहते हैं। ऐसी सुविधा उपलब्ध कराना हर सरकार का दायित्व भी है। मगर निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोगों के लिए रेल का सफर महंगा होता जा रहा है, गाड़ियों के समय पर न पहुंच पाने से असुविधाएं बढ़ रही हैं। इन पहलुओं पर भी ध्यान देने की अपेक्षा की जाती है। हालांकि अंतरिम बजट में अगले वित्तवर्ष के लिए लक्ष्य तय करने और नई योजनाओं की घोषणा की गुंजाइश नहीं रहती, फिर भी चुनावी वर्ष होने की वजह से सरकारें इसमें लोकलुभावन योजनाओं और उनमें अपनी उपलब्धियों के उल्लेख का लोभ संवरण नहीं कर पातीं। इस बजट पर भी चुनाव की छाया साफ दिखती है। हर बजट में नौकरीपेशा लोगों को उम्मीद होती है कि उन्हें करों में कुछ राहत मिलेगी, मगर इस बजट में उसे लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। पुरानी दरों को यथावत रखा गया है। उत्पाद या सीमा शुल्क पर कुछ नहीं कहा गया, इसलिए आम उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में न तो कमी होगी, न इजाफा होगा। इससे लोगों को निराशा भी हो सकती है। जिस तरह विकास दर ऊंची रखने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें महंगाई, बेरोजगारी, व्यापार घाटा पाटने, राजकोषीय घाटे पर काबू पाने संबंधी बिंदुओं पर भी कुछ ठोस पहलकदमियों के उल्लेख की उम्मीद स्वाभाविक थी।

# पर्यटन स्थल होंगे विकसित, सौर ऊर्जा से रोशन होंगे गांव

## केंद्रीय बजट से राज्य के आर्थिक विकास को मदद मिलेगी

देहरादून। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में जो अंतरिम बजट पेश किया है, उससे राज्य के आर्थिक विकास को मदद मिलेगी। बजट में केंद्रीय करों में राज्यांश बढ़ाने का जो अनुमान लगाया गया, उससे राज्य को आगामी वित्तीय वर्ष में 2217 करोड़ रुपये अधिक मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुताबिक, केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों से राज्य के पर्यटन विकास को पंख लगेंगे और औद्योगिक निवेश की ग्राउंडिंग में तेजी आएगी। वित्त विभाग के सूत्रों के मुताबिक, अंतरिम बजट में वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान के मुताबक केंद्रीय करों में राज्यांश बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तराखंड राज्य के लिए 11419.78 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जो संशोधित अनुमान में 12,348 करोड़ हो गया है। इस तरह लगभग 928 करोड़ इसी वित्तीय वर्ष में अधिक मिलने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्यांश लगभग 13637 करोड़ होने का अनुमान है। यह गत वर्ष के मूल अनुमान से 2,217 करोड़ अधिक होगा। बकौल मुख्यमंत्री प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए यह केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण उपहार है। वहीं उत्तराखंड के ऐतिहासिक पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों के विकास को आम बजट से नई दिशा मिलेगी। बजट में इन स्थलों को विकसित करने के लिए लंबी अवधि का ब्याजमुक्त लोन मिलेगा। मोदी सरकार का यह बजट उत्तराखंड में भी पर्यटन व तीर्थाटन के क्षेत्र को नई ऊर्जा देने का काम करेगा। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए राज्यों को प्रोत्साहन और लंबे समय तक ब्याजमुक्त लोन की घोषणा की गई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। राज्य में बदरीनाथ, केदारनाथ जैसे धार्मिक स्थलों को विकसित करने की योजना चल रही है। अब पर्यटन स्थलों के लिए भी राज्य के हिस्से में कुछ अच्छा मौका मिल सकता है। हालांकि, अभी पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले बजट के प्रावधानों को देखा जाएगा। उस हिसाब से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। निसंदेह पर्यटक प्रदेश होने के नाते देवभूमि इससे लाभान्वित होगी। सौर ऊर्जा से राज्य के गांव-घर रोशन होंगे। राज्य में यह योजना सोलर रूफ टॉप के तहत चल रही है, जिसमें 65-70 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही है। करीब आठ हजार लोगों ने अपने घरों पर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगवा भी लिए हैं। अब बजट बढ़ने से इसे और बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने बजट में आगामी वित्तीय वर्ष में सौर ऊर्जा ग्रिड के तहत बजट 4,970 से बढ़ाकर 8,500 करोड़ कर दिया है। केंद्र सरकार ने एक करोड़ सोलर पैनल यूजर को 300 यूनिट प्रतिमाह बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। राज्य में पहले से सोलर रूफ टॉप योजना काफी फायदेमंद साबित हो रही है। 8,000 लोग अपने घरों को सौर ऊर्जा से रोशन कर रहे हैं। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया, सोलर रूफ टॉप योजना के तहत तीन किलोवाट तक का कनेक्शन घर पर लगाने पर प्रति किलोवाट करीब 50 हजार का खर्च आता है। यानी 1.5 लाख के प्रोजेक्ट पर उपभोक्ता को महज 50 हजार तक खर्च करना होगा। बाकी पैसा केंद्र व राज्य की सब्सिडी से सीधे वेंडर को मिल जाता है। यूपीसीएल प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू करने जा रहा है। स्मार्ट मीटर में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट से कितनी बिजली यूपीसीएल की ग्रिड में गई और कितनी बिजली खर्च हुई, इसकी पूरी जानकारी रीडिंग में आएगी। इससे उपभोक्ताओं को भी परेशानी नहीं होगी।

# कृषि, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को नए आयाम प्रदान करेगा बजट : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संसद में पेश अंतरिम



बजट को गतिशील और विकासोन्मुखी बताया। सीएम ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को आर्थिक महाशक्ति के साथ ही विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह अंतरिम बजट नई गति प्रदान करेगा। यह सर्वस्पर्शी बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचितों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देने में सहायक सिद्ध होगा। समावेशी विकास के साथ ही यह बजट नए भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कृषि, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को नए आयाम प्रदान करेगा। कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें जहां खेती किसानी के साथ पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन पर फोकस किया गया है, वहीं मातृशक्ति को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए संकल्पित है। यह अंतरिम बजट इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में सहायक बनेगा। वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर उत्तराखंड राज्य के हितकारी बताते हुए कहा, बजट में पूंजीगत खर्च को 10 लाख करोड़ से बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ कर दिया गया है। इस वृद्धि से सड़क, पुल, हाईवे सरीखे अवस्थापना विकास के कार्यों में तेजी आएगी। राज्य को भी इसका लाभ मिलेगा। बजट में आयुष्मान भार, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बजट में वृद्धि का लाभ मिलेगा। चुनावी वर्ष होने की वजह अंतरिम बजट पेश हुआ। इसमें टैक्स संबंध में कोई घोषणा नहीं होती।

# दुर्गम एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच कराने के आदेश

## मुख्य सचिव ने राज्य में गर्भवती महिलाओं की चुनौतियों एवं समस्याओं को लेकर की समीक्षा



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य में गर्भवती महिलाओं की कठिनाइयों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए नवनियुक्त मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी गुरूवार को ने सचिवालय में अपनी पहली बैठक में राज्य में गर्भवती महिलाओं की चुनौतियों एवं समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को उनके जनपदों में किसी भी गर्भवती महिला की गर्भावस्था या प्रसव के दौरान होने वाली मृत्यु के ऑडिट या मेटरनल डेथ ऑडिट व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपदों में विशेष रूप से दुर्गम एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (एंटी नेटल चेकअप) को अनिवार्यत: सुनिश्चित करवाने हेतु स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अत्यंत जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करके उनके स्वास्थ्य का नियमित फॉलोअप करने की कार्ययोजना पर पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजनाओं के तहत दिए जाने वाले आहार की रेंडम सैंपलिंग करके इसको क्रॉस चेक करवाकर पौष्टिकता की नियमित जांच के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के भोजन में स्थानीय अनाजों को प्रोत्साहित करने की हिदायत दी है। बैठक में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, श्री एचसी सेमवाल, अपर सचिव श्री आनंद श्रीवास्तव एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश प्रभारी के विवादित बयान पर भड़की कांग्रेस

## कुत्तों के झुंड से की विपक्षी इंडिया गठबंधन की तुलना,आपस में भौंकते रहते हैं और लड़ते रहते है

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के एक और बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। बृहस्पतिवार को गौतम ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों को कुत्तों के झुंड की मिसाल दी। गौतम के इस बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के चुनाव प्रभारी गौतम लोकसभा की पांचों सीटों पर खोले गए कार्यालय के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, जो उदाहरण वह देने जा रहे हैं, वह अजीब सा लगेगा, लेकिन भाव समझेंगे कि किसी मोहल्ले के अंदर सारे के सारे डॉग्स (कुत्ते) होते हैं, वे आपस में भौंकते रहते हैं, शोर मचाते रहते हैं और लड़ते रहते हैं।लेकिन, जब उनको पकड़ने वाली गाड़ी आती है, तो वे सब मिलकर उस गाड़ी वाले पर झपटने का काम करते हैं। ये इंडी गठबंधन है। इंडी गठबंधन को कुत्तों की मिसाल देने पर कांग्रेस भड़क गई है। ऐसा पहली बार नहीं है, जब गौतम की जुबान फिसली है। इससे पहले भी उनके एक



बयान को लेकर सियासी विवाद छिड़ चुका है। तब उन्होंने बयान दिया था कि कांग्रेसी मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। उनके इस बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया था। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के बयान का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया। एक कार्यक्रम के दौरान गौतम ने इंडिया गठबंधन की तुलना मोहल्ले के कुत्तों से की है। इस पर कांग्रेस नेताओं ने भी भाजपा पर पलटवार किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, अंग्रेजों की मुखबिरी करने और महात्मा गांधी के हत्यारे वफादारी को क्या जाने। भाजपा, आरएसएस और गौतम को जानकारी होने चाहिए कि कुत्ता बड़ा वफादार होता है। वफादारी को जानने के लिए खुद वफादार होना पड़ता है। सनातन और हिंदुत्व की बात करने वालों को याद होना चाहिए कि पांडवों को स्वर्ण की सीढिय्यों तक कुत्ता ही ले गया था। कांग्रेस महासचिव नवीन जोशी ने कहा, भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्हें किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श कर इलाज कराना चाहिए। ऐसे व्यक्ति समाज के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भी इंडिया गठबंधन को कुत्तों का झुंड कहने का कड़ा विरोध किया। कहा, सत्ता के अहंकार में भाजपा प्रदेश प्रभारी अपनी सोचने और समझने की शक्ति खो बैठे हैं।

# मोदी सरकार के बजट में हुई कोरी घोषणाएं : महारा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि मोदी सरकार का अंतरिम बजट दिशाहीन और विकास विरोधी है। उन्होंने बजट को महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला बताया। कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने कहा कि आम जनता के हितों के लिए बजट में कुछ नहीं है। कहा, बजट में केंद्र सरकार ने कोरी घोषणाएं की हैं। बजट में वित्तीय प्रबंधन का नितांत अभाव है। बजट से बेरोजगारी बढ़ने के साथ ही आम आदमी के ऊपर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। केंद्र सरकार ने बजट में जो प्रावधान किया है कि उसे देश की अर्थव्यवस्था में विकास दर दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी और न ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही, लेकिन बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। कहा, लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट में मुफ्त योजनाओं की भरमार है। इन योजनाओं को पूरा करने के लिए पैसा कहां से आएगा। इसका बजट में कोई उल्लेख नहीं है। बजट में महिला, युवा और किसानों के लिए कोई राहत नहीं दी गई। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में की गई नोटबंदी और जीएसटी से देश में कई हजार लघु उद्योग बंद हो गए थे। रीयल स्टेट सेक्टर में काम पूरी तरह से ठप हुआ। किसानों को उपज की सही लागत न मिलने से कृषि क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर कम हुए हैं। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट पेश किया है। कहा, बजट में उत्तराखंड को कुछ नहीं मिला है। वहीं पूर्व सीएम एवं कांग्रेस नेता हरीशरावत ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के अंतरिम बजट ने उत्तराखंड और देश के मध्यम वर्ग तथा किसान व आम आदमियों को निराश किया है। उत्तराखंड के ग्रीन बोनस व विशेष राज्य के दर्जे की मांग को पूरी तरीके से भुला दिया गया है। टनकपुर, बागेश्वर, जौलजीवी तथा देहरादून-रामनगर- हल्द्वानी रेलवे लाइन की मांग को अनदेखा कर दिया गया है। मध्यम वर्ग आयकर में छूट की अपेक्षा कर रहा था जो पूरी नहीं हुई है। इस बजट से महंगाई और बढ़ेगी तथा किसान व मजदूरों को कोई राहत नहीं दी है।

# केन्द्र का बजट निराशाजनक: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने केंद्र सरकार के बजट को निराशाजनक बताया। पपनेजा ने कहा कि यह बजट जमीनी वास्तविकता से दूर केवल चुनावी



बजट है जिसमें लुभानवने वादे ज्यादा किए गए हैं। गरीबी और बेरोजगारी की मार झेल रही जनता को इससे उबरने का कोई उपाय नहीं किया गया है। कमर तोड़ महंगाई से निजात पाने की कोई नीति नहीं बनाई गयीं। आयकर दाताओं को जो उम्मीद थी कि इस बजट में आयकर की छूट को बढ़ाया जाएगा उनके हाथ भी निराशा लगी।पपनेजा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करने वाली यह भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए भी इसमें कोई नीति नहीं बनाई है।पपनेजा ने कहा कि यह बजट निराशाजनक है जनता से लुभाने वादों के दाम के पर भाजपा अपनी चुनावी नैया पार करने का प्रयास कर रही है ।

# हरिपुरा और बोर जलाशयों में विकास कार्यों के लिए 8.30 करोड़ रूपये स्वीकृत

गदरपुर/गूलरभोज(उद संवाददाता)। हरिपुरा एवं बौर जलाशयों में क्षतिग्रस्त पीचिंग, तटबंधों, सड़क आदि का निर्माण और मरम्मत की कवायद की जा रही है। इसके लिए शासन ने आठ करोड़ 30 लाख 75 हजार रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। सिंचाई विभाग की ओर से दोनों जलाशयों पर मरम्मत कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार बौर व हरिपुरा के बैराज और बांध जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नहरों के तटबंध भी कई जगह पर कटान की वजह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पानी की लहरों से कई जगह पत्थर की पीचिंग भी टूट गई है। इससे दोनों जलाशयों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। विभाग ने शासन को दोनों जलाशयों की मरम्मत कराने के लिए प्रस्ताव भेजे थे जिस पर शासन ने आठ करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया है। इनमें दो करोड़ 80 लाख 97 हजार की लागत से हरिपुरा जलाशय की मरम्मत का कार्य होगा। इसके अलावा एक करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपये से बौर जलाशय में पांच से साढ़े नौ किमी लंबाई में यूएस स्लोप पर पुराने बोल्डर पीचिंग की रेलिंग व बांध के शीर्ष खंड का निर्माण एवं एक करोड़ 16 लाख 76 हजार रुपये से बौर बांध पर डाउन स्ट्रीम की तरफ तटबंध का विस्तार व बेडवार का निर्माण किया जाएगा। ये तीनों कार्य एक साल की अवधि के बीच पूरे होंगे। हरिपुरा जलाशय में ऊपरी खंड में तटबंध के पुर्ननिर्माण के लिए 50 लाख मंजूर हुए हैं। खजिया एवं अजगरा फीडर के अनुरक्षण कार्य, बौर जलाशय के रैंप का नवीनीकरण, निचले सर्विस रोड का सुधार, बौर जलाशय पर सौंदर्यीकरण कार्य, गार्डन व टॉप रोड निर्माण के लिए बजट मंजूर हुआ है। बौर व हरिपुरा जलाशय में बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए राज्य सरकार की ओर से बांध बैराज मद में 830.75 लाख बजट स्वीकृत हो गया है। जिसके टेंडर जारी कर दिए गए हैं। नियत समय अवधि तक बाढ़ सुरक्षा के कार्य पूर्ण करा दिए जाएंगे।

# पंचायती राज निदेशक ने जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ बैठायी जांच

## अपर मुख्य अधिकारी के आरोपों के बाद गठित हुई जांच समिति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पर लगाये गये आरापों की जांच के लिए पंचायती राज विभाग ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति से एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी गयी है। बता दें जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार व अपर जिलाधिकारी तेज सिंह के बीच निर्माण कार्यों के टेंडर व अन्य कार्यों को लेकर गतिविरोध चल रहा है। बीते दिनों बोर्ड की बैठक में अपर मुख्य अधिकारी के खिलाफ निंनदा प्रस्ताव पारित करने के साथ ही उन पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग भी की गयी थी। वहीं दूसरी तरफ अपर मुख्य अधिकारी ने इस बैठक को ही अवैध करार दिया था। दोनों ही पक्षों ने इस मामले से पंचायती राज निदेशालय को अवगत कराया था। मामले का संज्ञान लेते हुए पंचायती राज निदेशक निधि यादव ने अपर मुख्य अधिकारी के वित्तीय अधिकार सीज कर दिये थे और आहरण वितरण का काम संयुक्त निदेशक मनव्वर सिंह राणा को सौंपा था। वहीं अब पंचायती राज निदेशक निधि यादव ने अपर मुख्य अधिकारी की ओर से पत्र भेजकर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार पर लगाये गये कार्यालय में तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप के आरोपों पर जांच बैठाते हुए निदेशालय की मुख्य वित्त अधिकारी शशि सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन कर एक सप्ताह में जांच आख्या देने को कहा है। जांच समिति में अनुश्रवण कोष्ठक के संयुक्त निदेशक राजीव कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत के तकनीकी अभियंता गणेश कुमार भट्ट को भी शामिल किया गया है।

# लखपति दीदी योजना सराहनीय कदम : खिलेंद्र

बाजपुर (उद संवाददाता)।महिला मोर्चा जिला काशीपुर द्वारा जिला अध्यक्ष उमा जोशी की अध्यक्षता में लखपति दीदी सम्मेलनआयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखपति दीदी बनाए जाने के कार्य की प्रशंसा



करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ा सराहनीय कदम है। जिला प्रभारी महिला मोर्चा रश्मी रस्तौगी द्वारा महिलाओ को हर क्षेत्र में दी गई योजनाओं को बताया साथ ही सरकार को महिलाओ का सच्चा साथी बताया। जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा महिलाओ को दिए गए आवास, ब्याज रहित ऋण को महिलाओ की आजीविका को बढ़ाने के लिए जो कदम उठाए उसके लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रिका द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला महामंत्री कल्पना, मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, जिला मंत्री कविता नेगी, कंचन सिंह, उर्मिला कांडपाल, बबली, सविता शर्मा, संदीप कौर, अनु चोपड़ा, रिंकी आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# नहर कवरिंग को लेकर मुखर हुए वार्डवासी

किच्छा(उद संवाददाता)। लेफ्टा पाहा नहर कवरिंग किए जाने के कारण मौसम की पहली वर्षा में ही वार्ड नंबर 7 वार्ड नंबर 8 सहित विभिन्न गलियों में वर्षा का पानी भरने के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गलियां, सड़क कीचड़ से भर गई जिसके चलते आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि बंडिया से लेकर पंत द्वार तक नहर कवरिंग का कार्य चल रहा है जिसके चलते एक बड़ी आबादी क्षेत्र का घरों से निकलने वाला पानी व वर्षा के पानी की निकासी बाधित हो गई है क्योंकि नहर कवरिंग के दौरान इस जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। इसी के चलते आज तमाम वार्ड वासियों द्वारा एवं वार्ड नंबर 7 स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्राओं द्वारा अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह से समस्या के निस्तारण हेतु कार्यवाही करने की मांग की। जानकारी में आया है कि नहर कवरिंग के बाद वार्ड वासियों के घरों का पानी नहर में नहीं डाला जाएगा जिससे वार्ड वासियों के आगे गंदे जल निकासी की भीषण समस्या उत्पन्न होना निश्चित है। लोगों की मांग है कि नहर कवरिंग के दोनों और



तुरंत नाली का निर्माण कर घरों के गंदे पानी की व बरसात के जल निकासी की तुरंत समुचित व्यवस्था की जाए। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर जल निकासी की समुचित व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा नहीं की गई तो नहर कवरिंग के कार्य को रोकने के लिए उग्र आंदोलन किया जाएगा। वार्ड वासियों द्वारा इस संबंध में एक ज्ञापन जहां अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह को सौपा है वही एक अन्य ज्ञापन उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र को भी दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में वार्ड सभासद शोभित शर्मा, पप्पू राठौर, रोहित कुमार, महेंद्र कुमार, पंकज वर्मा,विवेक पांडे, ओमप्रकाश, रिंकू, राजेश कुशवाहा सहित दर्जनों वार्ड वासी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने हरीश रावत से की मुलाकात

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से उनके आवास पहुंच कर मुलाकात की तथा लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में कांग्रेस संगठन की मजबूती सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बिट्टू कर्नाटक पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेहद करीबी माने जाते हैं।बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से उनकी आज की मुलाकात निजी थी। उत्तराखंड में कांग्रेस संगठन की मजबूती सहित आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर उनकी पूर्व मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई। कर्नाटक ने कहा कि आज मध्यमवर्गीय एवं युवा वर्ग वर्तमान सरकार से बेहद त्रस्त है। मध्यमवर्गीय इस सरकार में महंगाई के बोझ तले दब चुका है और आज युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। सरकारी



कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के बजाय सरकार उनके धरने, प्रदर्शनों पर रोक लगाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, पलायन जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है कर्नाटक ने कहा कि उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा सांसद एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाबजूद अल्मोड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बद से बदतर है।अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय सहित मेडिकल कालेज रेफलर सेंटर बन जनता की जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति यह है कि अल्मोड़ा मेडिकल कालेज जैसी संस्था अधिकांश मामलों में गर्भवती महिलाओं का प्रसव तक कराने में समर्थ नहीं है। प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बाबजूद अल्मोड़ा मेडिकल कालेज आज तक ब्लड बैंक विहीन है जबकि स्वास्थ्य मंत्री स्वयं अल्मोड़ा के प्रभारी मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अल्मोड़ा के आन्तरिक लिंक मार्गों को विगत पांच साल में भी दुरूस्त नहीं कर पाई।

# व्यापारियों ने प्रशासन के समक्ष रखे प्रस्ताव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमार्ग के चौड़ीकरण के जद में आ रहे व्यापारियों के समर्थन में व्यापारी नेताओं ने प्रशासन के समक्ष कुछ प्रस्ताव रखे हैं। इसकी जानकारी देते संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति के योगेश शर्मा, विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे, मनोज जायसवाल, पंकज कंसल, अनीश, सतविंदर अरोड़ा,



बलविंदर सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित व्यापारियों को पुनर्वास कर जाए, अगर जिला रोड है तो उसके मानक पूरे कर जाएं, सड़क चौड़ीकरण में 9 - 9 मीटर दोनों और लिया जाए, व्यापारियों की ओर से सुझाव प्रभावित व्यापारी को इस क्षेत्र के आसपास बसाया जाए, जिलाधिकारी से निवेदन किया गया है कि महिला अस्पताल में कुछ दुकानें बनाई जा सकती है, होली ग्राउंड के सामने सिंचाई विभाग की जमीन में कुछ दुकानें बनाई जा सकती हैं।

## पेज एक का शेष...

**विशेषज्ञ समिति ने सीएम ...**नागरिकों के साथ चर्चा की और सुझाव लिए। समिति ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरान किया और वहां खुली बैठकें में लोगों से सुझाव लिए। इस तरह समिति को करीब ढाई लाख सुझाव प्राप्त हुए। करीब तीस अलग-अलग बैठकों में कई महत्वपूर्ण सुझाव मिले। समिति ने केंद्रीय विधि आयोग के साथ भी यूसीसी पर चर्चा की। इस मैराथन कवायद के बाद समिति ने अपना ड्राफ्ट तैयार किया। जिसे आज सीएम धामी को सौंपा गया। अब कल तीन फरवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार यूसीसी ड्राफ्ट रिपोर्ट पर चर्चा करेगी और विधेयक को मंजूरी देगी। इसके बाद पांच फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान यूसीसी विधेयक को सदन पटल पर रखा जाएगा। छह फरवरी को इसे सदन में लाए जाने की संभावना है। सदन से पारित होने के बाद इसे राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद यह अधिनियम बन जाएगा।

**नैनीताल ऊधमसिंहनगर सीट...** है कि आवश्यकता पड़ने पर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष एवं बाजपुर विधायक यशपाल आर्य को भी सामने ला सकती है ।आर्य के अलावा दिग्गज कांग्रेसी नेता एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी कांग्रेस की ओर से एक मजबूत चुनौती के रूप में सामने लाए जा सकते हैं ।सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की नजर विगत विधानसभा चुनाव में खटीमा सीट पर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पराजय का स्वादचखाने वाले भुवन कापड़ी पर भी है और बदली हुई परिस्थितियों में कांग्रेस की तरफ से उन्हें भी भाजपा से दो- दो हाथ करने के लिए आगे किया जा सकता है। सूत्रों ने यह भी संभावना व्यक्त की की क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिए कांग्रेस नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश पर भी दांव लगा सकती है। इसके अतिरिक्त अगर आम चुनाव में अगर युवा जोश को आगे करने की बयार बही तो कांग्रेस जसपुर विधायक आदेश चौहान को भी लोकसभा चुनाव में नैनीताल -उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर पार्टी की ओर से ताल ठोकने के लिए आगे कर सकती है।

**घर बैठे ....**दिया। जिसके लिए कुछ फीस और जमा करने की बात कही गयी यकीन करने पर उनके द्वारा विभिन्न प्रकियायें करायी गयी और अलग अलग किश्तों में और पैसे मांगे गये। पीड़िता ने बताया कि झांसे में आकर वह कुल 6 लाख 20 हजार रू0 की धनराशी ट्रांन्सफर कर चुकी है। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर साईबर ठगी का केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ..**चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि वह वर्ष 2009 से सिडकुल में एक फैक्ट्री में काम करता है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतका के परिजनों के आने का भी इंतजार किया जा रहा है।

105 **ग्राम स्मैक...**से कराई थी जिसके बाद वह स्मैक यूएस नगर बॉर्डर तक देने के लिए आता था। आज वह हल्द्वानी में किसी पार्टी को स्मैक देने के लिए अया हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। सफलता पाने वाली टीम में एसओजी प्रभारी अनीस अहमद, एस आई दीपक बिष्ट, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल हेमंत सिंह, नवीन भट्ट सहित आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।

**अचानक तबियत...**कभार ही कमरे में आता था और अकसर पूजा पाठ में व्यस्त रहता था। गुरूवार रात उसकी तबियत अचानक बिगड़ गयी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना ट्रांजिट कैंप से एसआई ललित चौधरी, ललित कांडपाल पहुंचे और उन्होंने परिवार के लोगों के साथ ही मकान मालिक और आस पास के लोगों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**फैक्ट्र से लोहा...**जा रहे थे । गेट के पास सुरक्षा कर्मी द्वारा रोका गया तो दोनों लड़के भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सतीश पुत्र चन्द्रपाल राठौर व प्रताप पुत्र राम सिंह बताया। पकड़े गये दोनों युवकों को बाईक व दो कट्टे में रखे चोरी कर ले जा रहे 45 किलो लोहा का स्केप सहित चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# लूट की फिराक में घूमता चाकू सहित पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं पुलिस ने नैनीताल मार्ग पर 31 वाहिनी पीएसी के कमांडेंट के आवास के पास एक युवक को उस समय अवैध चाकू सहित दबोच लिया जब वह लूट की फिराक में घूम रहा था। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक विजय सिंह साथी कानि. दिनेश सिंह के साथ चैकिंग करते नैनीताल रोड मे 31 वाहिनी पीएसी के कमांडेंट के आवास के पास पहुंचकर आने जाने वाले वाहनो की चौकिंग करने लगे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे मुडकर भागने लगा। शक होने पर हम पुलिस कर्मियों ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम पता गुरदीप सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी ग्राम जौरासी थाना खजुरिया जिला रामपुर, हाल पता सिंह कॉलोनी थाना बिलासपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। सख्ती से पूछने पर गुरदीप ने बताया कि वह नशे का आदी है। इसीलिए नशा खरीदने के लिए यहां सुनसान जगह पर आने जाने वालों को चाकू दिखाकर डराकर उनसे पैस छीनने के लिए आया था। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर गुरदीप के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'जेष्ठा' कॉलोनी वासियों का 'चुनाव के बहिष्कार' का ऐलान

## बिल्डर की वादा खिलाफी के शिकार कॉलोनीवासी हाकिमो के चक्कर काट काट हारे, निराश हो कॉलोनी के गेट पर लगाया चुनाव के बहिष्कार का बैनर












-अर्श-

रूद्रपुर। शहर में सिडकुल की स्थापना के बाद पिछले एक दशक के भीतर नगर के आसपास के क्षेत्र में, नियम- कायदे को तक में रखकर बेहिसाब कालोनियां काटी गई। इन कालोनियो के अधिकांश बिल्डर तो मोटा माल समेट, शहर के भोले भाले लोगों को चूना लगाकर चंपत हो गए ,लेकिन बिल्डरों के प्रलोभन में आकर उक्त कॉलोनी में प्लाट लेने वाले बदनसीब लोग आज भी बिजली पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। बड़ी विडंबना तो यह है कि बुनियाद रखे जाने के समय ग्राम पंचायत में आने वाली और अब नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आ चुकी इन कॉलोनी के अभागे लोगों की फरियाद पर ना तो जनप्रतिनिधि ही कुछ कर पा रहे हैं और ना ही जिला प्रशासन के आला अधिकारी। बताना होगा कि शहर के फुलसूंगा इलाके में लोकल टाउनशिप प्लानिंग के नियम-कायदे को ठेंगा दिखाकर अस्तित्व में लाई गई ऐसी ही एक कॉलोनी है, जेष्ठा प्लैटिनम टावर कॉलोनी, जिसके प्रायः सभी मुख्य करता धर्ता मोटा मुनाफा बांधकर शहर से लापता हो चुके हैं और गेटेड कॉलोनी की सुख सुविधा के लोभ में प्लॉट और विला लेने वाले यहां के रहवासी बुनियादी सुविधाएं हासिल करने की लड़ाई ,लगभग हर कर कॉलोनी के गेट पर चुनाव के बहिष्कार का बैनर लगाने पर मजबूर हो गए हैं । विदित हो कि नोएडा की मेसर्स जेष्ठा डेवलपर लिमिटेड ने उक्त कॉलोनी के प्लॉट बेचते समय प्लॉट क्रय करने वाले लोगों से एग्रीमेंट के माध्यम से पार्किंग के नाम पर 10000रुपया ,पावर बैकअप इंस्टॉलेशन के 10000 रुपया, क्लब मेंबरशिप के नाम पर 50000 रुपया,विद्युत कनेक्शन के नाम पर 20000 रुपया, प्रेफरेंशियल लोकेशन चार्ज के नाम पर 50 रुपया पर स्क्वायर फीट तथा आईएफएमएस के नाम पर 30रुपया पर स्क्वायर फीट की दर से एक मुस्तरकम राशि प्राप्त की थी, लेकिन कॉलोनी के सभी प्लॉट बिकने के बाद संबंधित बिल्डर ने ना ही कॉलोनी के भीतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई और ना ही एग्रीमेंट के अनुसार कॉलोनी वासियों को यूपीसीएल का विद्युत कनेक्शन ही उपलब्ध कराया। वर्तमान में कॉलोनी वासियों की बिजली जरूरत बिल्डर द्वारा लिए गए एकमात्र विद्युत कनेक्शन से पूरी हो रही है ,जिसके कि बिल्डर द्वारा वर्ष 2010 से अब तक दुगने से भी अधिक चार्ज वसूल किया जा रहे है। ज्ञात हो कि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की घरेलू विद्युत दर लगभग साढे चार रुपए प्रति यूनिट है ।जबकि बिल्डर द्वारा कॉलोनी वासियों से 9 रूपये प्रति यूनिट वसूल किया जा रहा है। इतना ही नहीं बिल्डर द्वारा कॉलोनी की देखरेख के लिए किसी एजेंसी और फंड का प्रावधान भी नहीं किया गया है और ना ही कॉलोनी के देख-रेख की जिम्मेदारी प्लाट खरीदने वाले वालों ,प्राधिकरण अथवा प्रशासन को ही लिखित रूप में दी गई है ।जिसके चलते समूची कॉलोनी में प्रबंधहीनता की स्थिति है और चारों तरफ अव्यवस्थाओं का आलम है। सड़क और नाली की स्थिति बेहद दयनीय है ।बिल्डर द्वारा कॉलोनी के भीतर कराई गई वायरिंग पूरी तरह खराब होकर किसी गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है ।आम जनजीवन की उक्त तमाम दुश्वारियां झेल रहे कॉलोनीवासी, बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने एवं सरकारी विद्युत कनेक्शन की सुविधा प्राप्त करने के लिए बिजली विभाग के सभी छोटे- बड़े अधिकारियों, एसडीम, जिला अधिकारी से लेकर क्षेत्रीय विधायक तक से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कॉलोनी वासियों को अब तक कहीं से कोई राहत नहीं मिल सकी है। शासन -प्रशासन से निराश कॉलोनी वासियों ने थक हार कर अब चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है और कॉलोनी के मेन गेट पर चुनाव बहिष्कार का बैनर भी लगा दिया है। सो, निकट भविष्य में अब यह देखना खासा दिलचस्प रहेगा कि इसके बाद जेष्ठा प्लैटिनम टावर कॉलोनी के निवासियों की गुहार शासन प्रशासनतक पहुंचती है अथवा नहीं?

## मूलभूत सुविधाओं के लिये भाजपा प्रदेश मंत्री विकास से जगी उम्मीद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे जेष्ठा कालोनी वासियों ने समस्याओं का समाधान न होने तक वोट न देने का ऐलान किया है।



उनका कहना है कि यदि कालोनी में मूलभूत सरकारी सुविधाएं नही मिली तो वह आगामी लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव में मतदान नही करेंगे। उक्त कालोनी भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के गृह क्षेत्र फुलसुंगी में आती है,ऐसे में कालोनी वासियों की आस श्री शर्मा से है। कालोनी में रहने वालो का कहना है कि वैसे कालोनी में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कालोनाईजर की है लेकिन वहां से उन्हे कोई उम्मीद नही दिख रही इसलिए वह शीघ्र ही कालोनी की समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री श्री शर्मा से मिलेंगे और उनके निस्तारण की मांग करेंगे। यदि फिर भी उन्हे कोई राहत नही मिलती तो वही आगामी लोकसभा व निकाय चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।




## कोषाध्यक्ष प्रत्याशी संदीप राव ने किया प्रचार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में कूदे युवा व्यापारी संदीप राव ने प्रचार अभियान में ताकत झोंक दी है। उन्होंने अपने तमाम समर्थकों के साथ बाजार की विभिन्न गलियों में धुआंधार प्रचार किया। इस दौरान जगह जगह व्यापारियों ने संदीप राव का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें विजयी बनाने का आश्वासन दिया। गल्ला मण्डी में वरिष्ठ समाजसेवी नरेश ग्रोवर,बिट्टू ग्रोवर समेत तमाम व्यापारियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद किया। इस दौरान संदीप रावत ने दुकान- दुकान पर जाकर व्यापारियों से आशीर्वाद लिया और उनके हर सुख दुख में साथ रहने का वायदा किया। संदीप रावत ने प्रचार के दौरान कहा कि उन्हें युवाओं के साथ वरिष्ठ व्यापारियों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। जिससे उनकी जीत की राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों को लेकर ही वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। व्यापारियों के आशीर्वाद से वह विजयी हुए तो शहर में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी व्यापारियों से चार फरवरी को अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

# डीएम ने राजस्व उपनिरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने प्रसार प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर राजस्व उपनिरीक्षकों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ दीप जलाकर किया। जिलाधिकारी ने नव नियुक्त सभी राजस्व उपनिरीक्षकों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताए जा रहे सभी नियमों, कानूनों तथा जानकारियों को पूर्णतः आत्मसात करें ताकि फील्ड स्तर पर कार्य करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन में आपके कलम का महत्व बहुत ज्यादा होगा, इसलिए संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ ही अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आपका कार्य प्रक्रियाओं को सरल व सुलभ बनाना होना चाहिए, प्रक्रियाओं को उलझाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी जनता की जमीन के संरक्षक





हैं और आपकी कलम से ही व्यक्ति की हैसियत का मूल्यांकन लिखा जाने के साथ ही अधिकांश धरातलीय रिपोर्ट्स तैयार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सिखाई जा रही व्यवहारिक बातो को प्रमुखता से आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि आप अपने आचरण, व्यवहार तथा कार्य शैली से बड़े स्तर पर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बना सकते हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए मार्गदर्शन किया। अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता है, जो जिम्मेदारी मिली हैं, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस नौकरी में डिफरेंट काम सीखने का मोका मिलेगा, जनता से सीधे जुड़ाव होगा, जनता के उत्थान में राजस्व विभाग का विशेष कर पटवारियों का हर क्षेत्र में मोहर लगेगी। उन्होंने कहा कि आप जो भी काम करें, नियम, कानून के दायरे में काम करेंगे तो आगे दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क होगा और कुछ व्यक्ति अपना प्रभाव दिखाना चाहेंगे, किसी के प्रभाव में न आकर नियमावली, विधि के अनुसार ही काम करें। जैसे जैसे कार्य करते जाते हैं, आपकी छवि बनती जाती हैं। उन्होंने कहा कि आप नियम कानून के अंतर्गत तभी काम कर सकते हैं जब आपको नियम कानून की जानकारी होगी। उन्होंने कहा कि कानून का ज्ञान होने के साथ साथ व्यवहारिक होना भी जरूरी हैं, ये सोच कर चले की सामने वाले कों जनकारी नहीं है, उसे पूरी शालीनता से समझाये, जनता के प्रति विनम्र रहे, आपकी वाणी अच्छी हो। जो काम नियम विरुद्ध हों, उन्हें कतई न करें। उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट द्वारा भी अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा सहित पटवारी आदि उपस्थित थे।